दिन–रविवार दिनांक– 21 / 07 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. संसद का बजट सत्र कल से। सर्वदलीय बैठक में जदयू ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठायी।

02. बिहार विधानमंडल का मॉनसून सत्र भी कल से शुरू होगा। विपक्ष के कड़े तेवर के मद्देनजर सत्र के हंगामेदार होने के आसार।

03. मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

04. और, गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कई कार्यक्रमों का आयोजन।

———————————————————

केन्द्र सरकार ने सभी दलों से कल से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग की अपील की है। बजट सत्र को लेकर आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान सरकार ने सभी राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की है। बैठक में केन्दीय मंत्री राजनाथ सिंह, किरेन रिजिजू, अर्जुन राम मेघवाल, जगत प्रकाश नड्डा, चिराग पासवान, रामदास अठावले, कांग्रेस नेता जयराम रमेश और गौरव गोगोई समेत विपक्ष के कई नेता शामिल हुए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन कल लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी और अगले दिन तेईस जुलाई को वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस–पच्चीस का आम बजट पेश करेंगी। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

———रिपोर्ट———

संसद का बजट सत्र कल से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण कल संसद में आर्थिक सर्वेक्षण पेश करेंगी। आर्थिक सर्वेक्षण अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों पर सांख्यिकीय जानकारी और विश्लेषण प्रदान करता है। वित्त मंत्री मंगलवार को लोकसभा में वर्ष 2024–25 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी। यह नरेंद्र मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला बजट होगा। पिछले महीने संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि यह बजट सरकार की दूरगामी नीतियों और भविष्यवादी दृष्टिकोण का एक प्रभावी दस्तावेज होगा। सरकार इस सत्र में छह नए विधेयक पेश कर सकती है। इनमें आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, बॉयलर विधेयक, भारतीय वायुयान विधायक, कॉफी (संवर्धन और विकास) विधेयक और रबर (संवर्धन और विकास) विधेयक शामिल हैं। सुपर्णा सैकिया की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से शक्ति प्रताप सिंह।

———————————————————

जदयू ने संसद सत्र से पहले आयोजित सर्वदलीय बैठक में बिहार को विशेष दर्जा की मांग एक बार फिर से उठाई है। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने नई

दिल्ली में बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि विशेष दर्जे की मांग पार्टी की पुरानी मांग रही है।

---बाईट---

श्री झा ने कहा कि पार्टी की ओर से उन्होंने राज्य में हर वर्ष बाढ़ से होने वाले नुकसान का मुद्दा भी उठाया है।

---बाईट---

-------------------------------

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा है कि आम बजट में बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की घोषणा की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर सत्ताधारी दल जदयू लंबे समय से सियासत करती रही है। श्री सिंह ने बजट में कुछ और महत्वपूर्ण घोषणाएं किये जाने की मांग की है।

---बाईट---

-------------------------------

बिहार विधानमंडल का मानसून सत्र भी कल से शुरू हो रहा है। सत्र छब्बीस जुलाई तक चलेगा। इस दौरान दोनों सदनों की पांच-पांच बैठक होंगी। सत्र के पहले दिन राज्यपाल की ओर से स्वीकृत अध्यादेशों की प्रति को सदन के पटल पर रखने के साथ ही सरकार दो हजार चौबीस-पच्चीस का पहला अनुपूरक बजट पेश करेगी। सत्र के दौरान सरकार द्वारा प्रश्न पत्र लीक घटनाओं पर रोक लगाने के लिए विधेयक लाये जाने की संभावना है। कल ही रूपौली विधानसभा उपचुनाव में नवनिर्वाचित सदस्य शंकर सिंह को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई जाएगी।

इधर, विपक्षी दल राजद, कांग्रेस सहित महागठबंधन के सदस्यों ने राज्य में कानून व्यवस्था और अन्य मुद्दे को लेकर सदन में सरकार को घेरने की बात कही है। वहीं, सरकार की ओर से कहा गया है कि सदन के भीतर विपक्ष द्वारा उठाये गये मुद्दों का जवाब दिया जाएगा।

सत्र के दौरान विधि व्यवस्था के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था बनायी गयी है। जिलाधिकारी डॉक्टर चन्द्रशेखर सिंह ने बताया कि सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जायेगी। उन्होंने कहा कि सचिवालय, विधानसभा और विधान परिषद क्षेत्र में बिना प्रवेश पत्र के किसी व्यक्ति या वाहन को प्रवेश नहीं करने दिया जायेगा।

———————————————————————

केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि राज्य में विधि व्यवस्था की स्थिति ठीक है और विपक्ष को इसे लेकर सरकार पर आरोप लगाने का हक नहीं है। उन्होंने बोधगया में आज संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि विपक्ष को अपने पिछले कार्यकाल का हिसाब जनता को देना चाहिए।

———बाईट———

———————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग राज्यभर के विभिन्न केन्द्रों पर तीसरे चरण की शिक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन कर रहा है। आज परीक्षा के तीसरे दिन है। प्रदेश के कई केन्द्रों पर अनियमितता की शिकायते मिली हैं। बेगूसराय के विष्णुपुर और बथौली स्थित परीक्षा केन्द्र पर कदाचार के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक फर्जी शिक्षक भी है।

———————————————————————

अब सुनते हैं एक रिपोर्ट मेक इन इंडिया पहल के तहत उभरते बिहार की। हाजीपुर की फैक्ट्री में बनने वाले जूते अब रुस और अन्य अंतरराष्ट्रीय बाजार में भेजे जा रहे हैं।

———बाईट———

ये किसी फैक्टरी के सामान्य मशीनों की आवाज नहीं है। इसकी चर्चा देश विदेश में हो रही है और स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इसकी तारीफ कर रही है। हम बात कर रहे हैं हाजीपुर में औद्योगिक क्षेत्र में निजी कंपनी द्वारा निर्मित खास चमड़े के जूते के बारे में। ये जूते रुस जा रहे हैं और वहां रुसी सैनिक इसका इस्तेमाल करते हैं। जूतों का निर्यात करने वाली कंपनी कंपीटेंट एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के एक प्रतिनिधि ने बताया कि पिछले छह साल से निर्यात का काम चल रहा है। ये जूते  माइनस 40 डिग्री सेल्सियस तापमान पर भी आरामदायक हैं। पिछले साल कंपनी ने 100 करोड रुपये के जूते निर्यात किये। कंपनी अब गुणवत्तापूर्ण जूते भारतीय सेना के लिए भी बनाने की बात चल रही है। मेक इन इंडिया के साथ दूसरी बात जो इस कंपनी को खास बनाती है वह है श्रम शक्ति में महिलाओं की सत्तर प्रतिशत हिस्सेदारी। कंपनी ने इन्हें काम के साथ साथ कौशल का भी प्रशिक्षण दिया है। आकाशवाणी समाचार के लिए हाजीपुर से मनोज कुमार सिंह।

———————————————————————

नीति आयोग ने विकास की गति तेज करने के लिए राज्य के तेरह जिलों और इकसठ प्रखंडों को आकांक्षी कार्यक्रम के तहत चुना है। शेखपुरा भी आकांक्षी जिला में से एक है। हमारे शेखपुरा संवाददाता ने बताया कि संपूर्णता अभियान लोगों के बीच लोकप्रिय होता जा रहा है। एक रिपोर्ट——

———रिपोर्ट———

आकांक्षी जिला और प्रखंड योजना के तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण का लाभ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। परिवार नियोजन के कार्यक्रम और धातृ माता तथा नवजात बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम कर रहे पीरामल फाउंडेशन के सुजीत कुमार सुमन ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग और आंगनबाड़ी केंद्रों की ओर से लगातार ग्राम चौपाल आयोजित कर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

———बाइट———

शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर आकांक्षी जिला योजना के तहत की गयी रैंकिंग में शेखपुरा जिला पिछले दिनों पूरे देश और राज्य में शीर्ष स्थान पर रहा। आकांक्षी प्रखंड के तहत चयनित शेखोपुर सराय प्रखंड में भी संवाद और जागरुकता कार्यक्रम के माध्यम लोगों की भागीदार सुनिश्चत की जा रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए शेखपुरा से निरंजन कुमार।

————————————————————————

मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की है। इस दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीवान, गोपालगंज, सीतामढ़ी, भागलपुर, बांका और जमुई में वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, प्रदेश के अधिकतर स्थानों पर दक्षिण—पश्चिम मॉनसून की गतिविधियां कमजोर पड़ने के कारण हल्की वर्षा हुयी है।

————————————————————————

गुरु पूर्णिमा का पर्व आज हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। यह पर्व आध्यात्मिक और शैक्षिक गुरुओं को समर्पित है। इस अवसर पर लोग अपने उन गुरुओं को याद करते हैं, जिनके मार्गदर्शन और आर्शीवाद ने उनके जीवन को दिशा दी है। भगवान बुद्ध ने बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे ज्ञान प्राप्ति के बाद सारनाथ की यात्रा की थी और पूर्णिमा के दिन यहां अपना पहला प्रवचन दिया था। आज के दिन भगवान बुद्ध के अनुयायी विशेष पूजा—अर्चना करते हैं। इस अवसर पर राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पटना में राजभवन के दरबार हॉल में गुरू शिष्य परंपरा पर आयोजित व्याख्यान का उद्‌घाटन किया। गुरू पूर्णिमा के अवसर पर प्रदेश के अन्य भागों में कई कार्यक्रम आयोजित किये गये।

————————————————————————

सावन का पवित्र महीना कल से शुरू हो रहा है। इसके साथ ही विश्व प्रसिद्ध झारखंड के देवघर में स्थित बैद्यनाथ धाम और मुजफ्फरपुर जिले में स्थित गरीबनाथ में श्रद्धालु पहला जलाभिषेक शुरू करेंगे। मेला उन्नीस अगस्त तक चलेगा। प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से कांवरिया भागलपुर के सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए बैधनाथ धाम रवाना हो रहे हैं। वहीं, बाबा गरीबनाथ मंदिर

में भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए पहलेजा घाट पर श्रद्धालुओं और कांवरियों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

————————————————————

पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर रेल मंडल ने कल से शुरू हो रहे श्रावणी मेले के मद्देनजर झारखंड के देवघर तक एक सौ सोलह स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। मंडल रेल प्रबंधक विनय श्रीवास्तव ने बताया कि पूरे सावन माह में मंडल के विभिन्न स्टेशनों से चलायी जाने वाली स्पेशल ट्रेनों से शिवभक्तों को काफी सुविधा होगी।

————————————————————

नालंदा जिले के बिहार शरीफ में प्रसिद्ध वार्षिक लंगोट मेला की आज शुरूआत हो गयी। मेले में भाग लेने के लिए दूर—दूर से लोग पहुंचते हैं। यह मेला मल्ल युद्ध के जाने—माने विशेषज्ञ और संत मणिराम की समाधि पर हर वर्ष आयोजित किया जाता है। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने मेले का उद्घाटन किया।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर....

01. संसद का बजट सत्र कल से। सर्वदलीय बैठक में जदयू ने बिहार को विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग उठायी।

02. बिहार विधानमंडल का मॉनसून सत्र भी कल से शुरू होगा। विपक्ष के कड़े तेवर के मद्देनजर सत्र के हंगामेदार होने के आसार।

03. मौसम विभाग ने आज और कल राज्य के कई हिस्सों में गरज के साथ बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की।

04. और, गुरु पूर्णिमा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। कई कार्यक्रमों का आयोजन।

————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।